प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 नवंबर 2024

2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दस प्रमुख शहरों[1] में पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों के आधार पर, 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए अपना त्रैमासिक आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) [2] (आधार: 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-शृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://data.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/home> Statistics > Real Sector > Prices & Wages) पर उपलब्ध हैं।

मुख्य बातें:

- अखिल भारतीय एचपीआई में 2024-25 की दूसरी तिमाही में 4.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और एक वर्ष पहले 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी; वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही - 8.8 प्रतिशत (बेंगलुरु) की उच्च वृद्धि से लेकर (-)2.0 प्रतिशत (कानपुर) की गिरावट तक।

- क्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में 2024-25 की दूसरी तिमाही में 0.1 प्रतिशत की कमी आई; अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में हालिया तिमाही के दौरान आवास मूल्य में क्रमिक वृद्धि दर्ज की गई।



अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-25/1616

---

[1] ये दस शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं।

[2] एचपीआई संकलन पद्धति के लिए आरबीआई बुलेटिन (वेबलिंक: weblink: https://website.rbi.org.in/web/rbi/publications/rbi-bulletin) के अक्तूबर 2014 अंक के लेख "House Price Index: 2010-11 to 2013-14"वास मूल्य सूचकांक: 2010-11 से 2013-14" का संदर्भ लिया जा सकता है।